लोको पायलट अनुदेश क्रमांक: 01/2025

विषय: लोकोमोटिव में लगे रिवर्सर (MPJ) संबंधित निर्देश।

*****

दिनांक 11.01.25 को सोलापुर डिवीजन में लोको क्र. 60422, NGP/WAG-12B, गाड़ी क्र. POB/BOXNHL/Empty, मलठन स्टेशन के अप लूप लाइन स्टार्टर लाल होने की वजह 04.47 बजे आकर गाड़ी खड़ी हुई एवं 05.47 बजे गाड़ी को लाइन क्लियर मिला, लोको पायलट ने ट्रैन मैनेजर से वाकी-टॉकी से बातकर गाड़ी स्टार्ट की, थोड़ी देर बाद ट्रैन मैनेजर ने वाकी-टॉकी पर कर्मीदल को बताया कि गाड़ी पीछे की ओर (रिवर्स दिशा) जा रही है। लोको पायलट ने तुरंत ब्रेक लगाकर गाड़ी खड़ी की। लोको पायलट ने पाया कि गलती से रिवर्सर, रिवर्स दिशा के तरफ हो गया था। लोको पायलट ने रिवर्सर को फॉरवर्ड दिशा में रखकर ट्रैन मैनेजर से वाकी -टॉकी पर बात कर दुबारा से गाड़ी स्टार्ट की, परन्तु ट्रैन मैनेजर ने वाकी-टॉकी पर फिर से आवाज़ दी कि ब्रेकवान का पिछला ट्रॉली डि-रेल (पॉइंट नं. 102) हो गया है, लोको पायलट ने तुरंत गाड़ी खड़ी कर दी। (टोटल ड्रेगिंग दूरी लगभग 19 मीटर एवं स्पीड:4 Kmph)। इसप्रकार की घट्नाओ की पुनरावृति न हो, इसलिए गाड़ी संचालन के दौरान निम्न निर्देशों का पालन कड़ाई से करें:

1. गाड़ी स्टार्ट करने से पहले सुनिश्चित करें कि रिवर्सर की पोजीशन गाड़ी के चलने की दिशा के तरफ है।
2. WAG-12 लोको से कार्य करते समय रिवर्सर पोजीशन का विशेष ध्यान रखें क्यूंकि WAG-12/वंदे भारत में रिवर्सर की पोजीशन WAG-9 लोको से बिल्कुल विपरीत है (जैसा कि नीचे चित्र में दर्शाया गया है)।
3. WAG-9 लोको में फॉरवर्ड दिशा में जाने के लिए रिवर्सर हैंडल को आगे की ओर तथा वंदे भारत /WAG-12 लोको में फॉरवर्ड दिशा में जाने के लिए रिवर्सर हैंडल को पीछे की ओर करें।
4. WAG-12 लोको में DDU स्क्रीन के लेफ्ट साइड कोर्नर पर भी रिवर्सर की स्थिति बताता है (जैसा कि नीचे चित्र में दर्शाया गया है)।
5. सभी सहायक लोको पायलट को गाड़ी संचलन के दौरान लोको पायलट द्वारा किये जाने वाले क्रियाकलापो पर ध्यान रखें, विशेषकर गाड़ी स्टार्ट करते समय-रिवर्सर की स्थिति, SA-9/A-9 की स्थिति, BP/FP प्रेशर आदि एवं रोकते समय-MP/थ्रोटल, GR की स्थिति व SA-9/A-9 की स्थिति आदि।

सभी मुख्य लोको निरीक्षको को निर्देश दिये जाते हैं कि अपने नामित कर्मीदल को उपरोक्त निर्देशो की काउन्सलिंग करें तथा उसकी पावती लें



मध्य रेल

मंडल कार्यलय
टी.आर.ओ, विभाग, नागपुर

सं : नाग/टीआरओ/संरक्षा-23

दिनाक : 13.01.2025

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (परि.)
मध्य रेल, नागपुर

प्रति,

: मु.वि.इंजी.(परि)/सी.एस.टी.मुंबई: को सूचनार्थ।
: मं.रे.प्र./नागपुर एवं अ.मं.रे.प्र. (प्रशा)/नागपुर: को सूचनार्थ।
: मुख्य कर्मी.नियंत्रक/ मुख्य लोको निरीक्षक: नामित लोको पायलोटों को काउन्सलिंग कर पावती हेतु।
: चा.प्र.के/अजनी : प्रशिक्षण मे शामिल करने हेतु।